मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 25/08/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --499/2025
25 अगस्त 2025
झारखंड विधानसभा, रांची
===========================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने "बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग देवघर" A TOUCH OF THE DIVINE (दिव्यता का स्पर्श) पुस्तक का लोकार्पण किया।
===========================



मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन ने आज झारखंड विधान सभा में महाधिवक्ता श्री राजीव रंजन द्वारा लिखित पुस्तक "बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग देवघर" **A TOUCH OF THE DIVINE** (दिव्यता का स्पर्श) पुस्तक का विधिवत लोकार्पण किया। मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने महाधिवक्ता श्री राजीव रंजन को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

ज्ञातव्य है कि इस पुस्तक में बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग की ऐतिहासिकता, प्राचीनता, पौराणिकता, धार्मिक आस्था सहित सांस्कृतिक तथा वैधानिक तत्वों पर विशद चर्चा की गई है।

*** "बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग देवघर" A TOUCH OF THE DIVINE (दिव्यता का स्पर्श) पुस्तक के लोकार्पण अवसर पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, महाधिवक्ता श्री राजीव रंजन, सचिव श्री अरवा राजकमल, मुख्यमंत्री के वरीय आप्त सचिव श्री सुनील श्रीवास्तव, अपर महाधिवक्ता श्री अच्युत केशव, राजकीय अधिवक्ता श्री मनोज कुमार उपस्थित थे।**

==========================

#Team PRD(CMO)